jkT;iky lfpoky;
jktHkou] t;iqj

सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का उपयोग देशहित में करें – राज्यपाल

उदयपुर, 22 दिसंबर/राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का उपयोग देश को आगे बढ़ाने की दिशा में करें तो देश विश्व में आदर्श बन सकेगा तथा पुनः विश्वगुरु के सिंहासन पर प्रतिष्ठित हो पाएगा।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार को उदयपुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 95वें जन्म जयंती के अवसर पर श्री सुंदरसिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर की ओर से नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

स्मारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी राजनीति में रहते हुए भी एक संन्यासी की तरह रहे। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना। अटल जी भारत के प्रधानमंत्री रहे तो भी सामान्य जनता के साथ जुड़े रहने में कभी भी उन्होंने संकोच नहीं किया। उन्होंने समाज और राष्ट्र के हित भी भण्डारी के योगदान को अद्भुत और अविस्मरणीय बताया। उन्होंने भण्डारी के नाम पर बने इस ट्रस्ट के माध्यम से राजकीय विद्यालयों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को प्रेरणादायक बताया। इस परंपरा को कायम रखने के लिए उन्होंने कटारिया को बधाई दी।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं उदयपुर शहर विधायक गुलाबचंद कटारिया ने प्रतिभा सम्मान समारोह में सरकारी विद्यालयों में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 562 विद्यार्थियों को सम्मानित करने की पहल के बारे में जानकारी दी।

बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व उद्योगपति जीएस पौद्दार, उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा व नगर निगम मेयर गोविन्द सिंह टांक भी मंचासीन थे।

समारोह में राज्यपाल ने मावली के कविश पालीवाल, सेमली की नेहा सोनी, झाड़ौल की हर्षिता जैन, तरपाल की लता कुमारी सुथार, गोगंुदा की ज्योति झाला को सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने समस्त विद्यार्थियों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाकर प्रोत्साहित किया।